E

No. of Printed Pages : 7

# Summative Assessment II, 2011-2012

## Subject : Mathematics

**Time : 2½ Hrs.]** **Class : VI** **[ M. M. : 70**

**General Instructions :**

(i) All questions are compulsory.

(ii) The question paper consists of 28 questions divided into four sections A, B, C and D.

Section A consists of 8 questions of 1 mark each.

Section B consists of 6 questions of 2 marks each.

Section C consists of 10 questions of 3 marks each.

Section D consists of 4 questions of 5 marks each.

(iii) There is no overall choice. However an internal choice has been provided in some questions. Attempt only one option in such questions.

**सामान्य निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) इस प्रश्न पत्र में कुल 28 प्रश्न हैं जिन्हें चार खण्डों अ, ब, स, तथा द में बाँटा गया है।

खण्ड 'अ' में कुल 8 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

खण्ड 'ब' में कुल 6 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

खण्ड 'स' में कुल 10 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।

खण्ड 'द' में कुल 4 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(iii) प्रश्नों में व्यापक चयन का विकल्प नहीं है, परन्तु कुछ प्रश्नों में आन्तरिक चयन का विकल्प दिया गया है। इनमें से केवल एक प्रश्न हल करना है।

## SECTION - A

## खण्ड – 'अ'

1. Write opposite of loss of Rs. 315.

   315 रु. हानि का विपरीत लिखिए।

2. Represent $\frac{27}{4}$ in the form of mixed fraction.

   $\frac{27}{4}$ को मिश्रित भिन्न में बदलिए।

3. If $3n = 21$, then find the value of $n$.

   यदि $3n = 21$, तो $n$ का मान ज्ञात कीजिए।

4. Write the 5.07 in words.

   5.07 को शब्दों में लिखिए।

5. Find the ratio of 90 to 120.

   90 का 120 से अनुपात ज्ञात कीजिए।

6. Perimeter of an equilateral triangle = 3 × ..................

   समबाहु त्रिभुज का परिमाप = 3 × ......................

7. Length and breadth of a rectangular figure are '$l$' and '$b$'. Using its, write the formula to find the perimeter.

   एक आयताकार आकृति की लम्बाई '$l$' तथा चौड़ाई '$b$' है। इसका प्रयोग करते हुए परिमाप ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।

8. Represent – 2 on a number line.

   – 2 को संख्या रेखा पर निरूपित कीजिए।

## SECTION - B

## खण्ड — 'ब'

9. Write the following as decimal :

निम्न को दशमलव के रूप में व्यक्त कीजिए :

$$17 + \frac{5}{10} + \frac{5}{100}$$

10. Construct with ruler and compass, angle of 45°.

रूलर और परकार की सहायता से 45° का कोण बनाइए।

11. Find the equivalent fraction of $\frac{3}{4}$ having numerator 24.

$\frac{3}{4}$ के तुल्य वह भिन्न ज्ञात कीजिए जिसका अंश 24 हो।

12. Solve : हल कीजिए।

$$\frac{3}{4} - \frac{2}{3}$$

13. Write all integers between – 6 and 3.

– 6 और 3 के बीच के सभी पूर्णांक लिखिए

14. Express as metres using decimal : 8 m 6 cm


दशमलव का प्रयोग कर मीटर में व्यक्त करिए : 8 m 6 cm


## SECTION - C

## खण्ड – 'स'

**15.** Find the number of lines of symmetry for the following shapes :

दी गई आकृतियों में, प्रत्येक की सममित रेखाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

(a) 

(b) 

**16.** Find the sum of 0.75 + 10.425 + 2.

0.75 + 10.425 + 2 का योगफल ज्ञात कीजिए।

**OR**

**अथवा**


Solve : 11.690 +15.705 – 3.067

हल कीजिए : 11.690 +15.705 – 3.067

**17.** With $\overline{AB}$ of length 4.8 cm as diameter, draw a circle.

4.8 cm लम्बाई का एक रेखाखण्ड $\overline{AB}$ खींचिए और फिर इसको व्यास मानकर एक वृत्त खींचिए।

**18.** Find the perimeter of the fig.




दी गई आकृति का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**19.** Are 32, 48, 70, 210 in proportion ?

क्या 32, 48, 70, 210 समानुपात में हैं ?

**OR**

**अथवा**

Divide Rs. 35 between Sonu and Monu in the ratio 5 : 2.

सोनू और मोनू के बीच 35 रू. को 5 : 2 में बाँटिए।

**20.** Rohit works for $\frac{3}{6}$ of an hour, while Sarthak works for $\frac{3}{4}$ of an hour. Who works for a longer time ?

रोहित, एक घण्टे का $\frac{3}{6}$ भाग काम करता है, जबकि सार्थक एक घण्टे का $\frac{3}{4}$ भाग काम करता है। कौन अधिक समय के लिए काम करता है ?

**21.** Draw following angles. (Use ruler and compass).

निम्नलिखित कोण बनाइए। (पैमाने और परकार का प्रयोग कीजिए)

(a) 90°     (b) 30°

**22.** The area of a rectangular garden 50 m long is 750 $m^2$. Find the width of the garden.

50 मीटर लम्बे एक आयताकार बाग का क्षेत्रफल 750 वर्ग मीटर है। बाग की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

**OR**

**अथवा**

Find the area of a square field of side 800 cm in $m^2$.

800 सेमी भुजा वाले एक वर्गाकार खेत का क्षेत्रफल वर्ग-मीटर में ज्ञात कीजिए।

**23.** Write the following in ascending and descending order.

निम्नलिखित को बढ़ते तथा घटते क्रम में लिखिए—

$$\frac{1}{8}, \frac{5}{8}, \frac{3}{8}, \frac{7}{8}$$

**24.** Give expressions for the following cases :

(a) 29 added to $x$.

(b) $p$ multiplied by 2, and 3 subtracted from the product.

(c) Subtract 11 from 6 times of $m$.

निम्नलिखित स्थितियों के लिए व्यंजक दीजिए :

(a) $x$ में 29 जोड़ना

(b) $p$ में 2 से गुणा और फिर गुणनफल में से 3 घटाना।

(c) $m$ के 6 गुणा में से 11 घटाना।

## SECTION - D

## खण्ड – 'द'

**25.** Rajesh travelled 18 km 268 m by bus, 7 km 8 m by car and 600 m on foot in order to reach his school. How far is his school from his residence ?

राजेश अपने स्कूल पहुँचने के लिए 18 किमी 268 मी. की दूरी बस से, 7 किमी 8 मी. की दूरी कार से और 600 मीटर की दूरी पैदल तय करता है। उसका स्कूल उसके घर से कितनी दूर है?

**26.** A motor bike travels 220 km in 5 litres of petrol. How much distance will it cover in 1.5 litres of petrol ?

एक मोटर साइकिल से 220 किमी की दूरी तय करने में 5 लीटर पेट्रोल लगता है तो 1.5 लीटर पेट्रोल में कितनी दूरी तय की जाएगी ?

**27.** Shoaib pays Rs. 6500 as rent for 5 months. How much does he has to pay for a whole year, if the rent per month remains same ?

शोएब 5 महीने का किराया 6500 रुपए देता है। उसे पूरे वर्ष का किराया कितना देना होगा, यदि वर्ष भर किराया समान हो ?

**28.** For the following statements write true (T) or false (F).

(a) 16 : 24 : : 20 : 30

(b) Perimeter of square = 2 × length of its side

(c) – 26 is greater than – 25.

(d) 1 is the smallest positive integer.

(e) additive inverse of – 7 is 7.

निम्नलिखित कथनों के लिए, सही (T) या गलत (F) लिखिए।

(a) 16 : 24 : : 20 : 30

(b) वर्ग का परिमाप = 2 × इसकी भुजा की लम्बाई

(c) – 26, – 25 से बड़ा है।

(d) 1, सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक है।

(e) – 7 का योगात्मक प्रतिलोम 7 है।

**OR**

**अथवा**

Manmohan wants to cover the floor of room 4 m wide and 5 m long by squared tiles. If each square tile is of side 0.5 m, then find the number of tiles required to cover the floor of the room.

मनमोहन एक कमरा जो 4 मी. चौड़ा तथा 5 मी. लम्बा है, के फर्श को वर्गाकार टाइल्स से ढकना चाहता है। यदि प्रत्येक टाइल की भुजा 0.5 मीटर है, तो फर्श ढकने में लगी टाइल्सों की संख्या ज्ञात कीजिए।